


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती,ये सच है, कहानी नहीं होती। डर को अपने रास्ते से हटाओ,और मंज़िल को गले लगाओ।


शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 104 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## अग्निशमन सेवा सप्ताह- नालंदा में निकली जागरूकता रैली, क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा "अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026" के तहत नालंदा जिला अग्निशमन कार्यालय परिसर से प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य आम लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। रैली में अग्निशमन विभाग के कर्मियों एवं प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर लेकर "आग से सावधान रहें" और "सुरक्षा ही बचाव है" जैसे नारों के साथ शहर में जागरूकता फैलायी। रैली विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां लोगों को अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। इसी अवसर पर जिला खेल कार्यालय, नालंदा के कर्मचारियों के नेतृत्व में शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन के बाद विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने, गैस सिलेंडर की




नियमित जांच करने और ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी।इसके साथ ही आम नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि आग लगने की स्थिति में तुरंत 101 या 112 नंबर पर कॉल कर अग्निशमन सेवा की सहायता ली जा सकती है। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके। अग्निशमन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय समझदारी से काम लें।



## लंबित राजस्व मामलों पर सख्ती, एक सप्ताह में निष्पादन का अल्टीमेटम

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में लंबित राजस्व मामलों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को अपर समाहर्ता, नालंदा ने राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर परिमार्जन प्लस एवं दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों की हल्कावार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर विधि-सम्मत तरीके से करने का स्पष्ट निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता ने सरकारी भूमि पर कायम अवैध जमाबंदी को रद्द करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अधियाचित भूमि को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के लिए अंचल अधिकारियों के माध्यम से प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि मई माह से प्रत्येक अंचलवार राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दौरान यदि किसी राजस्व कर्मचारी के स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब सामने आता है, तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है, ताकि आम लोगों को सेवाओं का लाभ बिना किसी देरी के मिल सके।

## नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई- डीएम

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी नालंदा श्री कुंदन कुमार ने बताया कि जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है। तेल विपणन कंपनी के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन औसतन 9005 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय प्रावधान के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर गैस रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। साथ ही लंबित बुकिंग के शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए जिले के बैकलॉग (वर्तमान 4.0) को घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। डीएम ने कहा कि खरमास के बाद विवाह एवं अन्य आयोजनों में बढ़ोतरी को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति की व्यवस्था भी की गई है। जिन लोगों के यहां विवाह समारोह है, वे अपने शादी कार्ड के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की मांग कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल संबंधित कार्यक्रम में ही किया जाएगा।जिला पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन का विस्तार तेजी से किया जा रहा है।



बिहारशरीफ के 6 वार्ड (21, 22, 23, 24, 25 एवं 44), सिलाव के 6 वार्ड (02, 04, 05, 06, 10 एवं 11) तथा राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर अब तक 1541 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि प्रतिदिन औसतन 10 नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। डीएम ने संबंधित क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे पीएनजी कनेक्शन अवश्य लें, जिससे उन्हें बड़े शहरों जैसी सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। इसके अलावा एलपीजी सिलेंडर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर- 06112-233168) संचालित किया जा रहा है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने आम ला. `गों से अपील की है कि यदि कहीं एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिले तो तुरंत इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कतरीसराय में विवाहिता एक माह से लापता अनहोनी की आशंका; पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के कतरीसराय गांव से एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला पिछले एक महीने से लापता है, जिससे परिजनों में चिंता और अनहोनी की आशंका गहराती जा रही है। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लापता महिला की पहचान 24 वर्षीय पिंकी देवी के रूप में हुई है, जो भत्तू मांझी की पुत्री है। परिजनों के अनुसार, पिंकी का ससुराल नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव में है, लेकिन वह पिछले कुछ समय से अपने मायके कतरीसराय में रह रही थी। परिवार वालों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह मानसिक रूप से कमजोर थी। परिजनों ने बताया कि पिंकी देवी 14 मार्च 2026 से घर से लापता है। शुरुआती दिनों में परिवार ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो 12 अप्रैल को कतरीसराय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कतरीसराय थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। केस के अनुसंधानकर्ता रुदल पासवान ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर महिला की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि चूंकि मामला मानसिक स्थिति से जुड़ा है, इसलिए महिला की जल्द बरामदगी के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य पुलिस संसाधनों का भी सहारा लिया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी थाना को सूचित करें।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120




# नालंदा उद्यान महाविद्यालय को आईसीएआर से 'ए' ग्रेड शैक्षणिक व शोध गुणवत्ता का मिला बड़ा सम्मान




**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय स्थित नालंदा उद्यान महाविद्यालय ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की मान्यता प्रक्रिया में 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। यह महाविद्यालय बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर द्वारा संचा. लित एकमात्र उद्यान महाविद्यालय है, जिसने इस उपलब्धि के साथ अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुसंधान क्षमता का परिचय दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंधीर कुमार ने बताया कि आईसीएआर हर पांच वर्षों में देश के कृषि विश्वविद्यालयों का व्यापक मूल्यांकन करता है। इसी क्रम में 16 से 19 फरवरी तक पीयर रिव्यू टीम ने विश्वविद्यालय का दौरा कर शैक्षणिक उपलब्धियों, आधारभूत संरचना, कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुसंधान, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं नवाचार का गहन मूल्यांकन किया। महाविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने इस सफलता के पीछे बेहतर शिक्षण व्यवस्था, अनुसंधान कार्य, पेटेंट फाइलिंग, प्लेसमेंट, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन तथा स्वच्छ एवं हरित परिसर के विकास को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान में स्थ. ापित स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक प्रयोगशालाएं शिक्षण व अनुसंधान को नई दिशा दे रही हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय बिहार के जोन–3 बी क्षेत्र के किसानों के लिए उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, कौशल विकास और कृषि नवाचार के प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस सफलता में शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले मान्यता चक्र में विश्वविद्यालय को 'सी' ग्रेड प्राप्त हुआ था, जबकि इस बार सीधे 'ए' ग्रेड तक पहुंचना संस्थान में हुए व्यापक सुधार का प्रमाण है।हाल ही में विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा भी 'ए' ग्रेड दिया गया है, जो इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह, डीन एग्रीकल्चर डॉ. ए. के. साह, निदेशक अनुसंधान डॉ. ए. के. सिंह एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सं. स्थान के सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय को बेहतर रैंकिंग, अनुसंधान के लिए अधिक वित्तपोषण और संस्थागत विकास के नए अवसर मिलेंगे, जिसका सीधा लाभ छात्रों और किसानों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सी. एस. आज़ाद, तकनीकी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एस. एस. सोलंकी, डॉ. एस. एस. सिंह, डॉ. एस. के. चौधरी, डॉ. निरू कुमारी, डॉ. ए. पी. सिंह सहित अन्य वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया।





# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में बिहारशरीफ में भव्य जश्न, रंग–गुलाल से सजा माहौल

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में बिहारशरीफ के अस्पताल चौक पर एक भव्य एवं ऐतिहासिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ–साथ आम नागरिकों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। इस ऐतिहासिक पल को लोगों ने होली के त्योहार की तरह मनाया। चारों ओर अबीर–गुलाल उड़ते नजर आए और पूरा वातावरण रंगों से सराबोर हो गया। ढोल–नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, वहीं कार्यकर्ता एक–दूसरे को रंग लगाकर बधाई देते दिखे। हर चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, तेजस्विता राधा, नीरज कुमार डब्लू, डॉ. आशुतोष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, जिला मंत्री रजीब रंजन, अमरकांत भारती, रुचि श्रीवास्तव, प्रविला देवी, शंभू कश्यप, रीना राज, अमित शान, सोनू कुमार हिंदू, आलोक कुमार, प्रेम सागर, राहुल कुमार, संजीव कुमार, रौशन यादव, गोपाल कुमार, धीरज पाठक सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की गई, जिससे माहौल और भी उत्सवमय हो गया। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि पार्टी के नेतृत्व में बिहार को विकास के नए शिखर तक पहुंचाया जाएगा और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह क्षण बिहार की राजनीति के लिए ऐतिहासिक है और इससे प्रदेश में नई ऊर्जा और विकास की गति को बल मिलेगा। अंत में सभी ने "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" के नारों के साथ सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# स्मार्ट सिटी के दावों की खुली पोल: बिहारशरीफ के वार्ड 19 में तीन वर्षों से पेयजल संकट, गंदा पानी पीने को मजबूर सैकड़ों परिवार

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** स्मार्ट सिटी का दर्जा प्राप्त बिहारशरीफ में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 अंतर्गत पहड़तली मोहल्ला में पेयजल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। यहां करीब 500 से 600 घरों की आबादी पिछले तीन वर्षों से पाइपलाइन के माध्यम से आ रहे बालूयुक्त और गंदे पानी को पीने को मजबूर है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर मूकदर्शक बना हुआ है।



### गंदे पानी से बिगड़ रही सेहत

मोहल्ले की सुदमिया देवी और रुणा देवी ने बताया कि क्षेत्र में मात्र 4 इंच की पतली पा. इपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी बड़ी आबादी के लिए अपर्याप्त है। पाइपलाइन से आने वाले पानी में बालू और गंदगी की मात्रा इतनी अधिक है कि उसे पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि गंदा पानी पीने से बच्चों की तबीयत लगातार खराब हो रही है।

### सफाई और रोशनी की भी समस्या

स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में नियमित रूप से सफाईकर्मी नहीं आते और न ही स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था है। अंधेरे के कारण सांप–बिच्छू का खतरा बना रहता है, जिससे लोगों में भय का माहौल है।

### नगर निगम पर लापरवाही का आरोप

मोहल्ले के निवासी दीपक कुमार ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार अधिकारियों को फोन कर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं स्वच्छ पानी का उपयोग करते हैं, जबकि आम लोगों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### पाइपलाइन बदलने व कनेक्शन जोड़ने की मांग


स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मौजूदा पतली पाइपलाइन को बदलकर मोटी पाइपलाइन बिछाई जाए और जलापूर्ति को फिटनेस पार्क के मुख्य कनेक्शन से जोड़ा जाए। साथ ही नियमित कचरा उठाव और साफ–सफाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

### पानी के लिए भटक रहीं महिलाएं

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही संकट और गहरा गया है। नलों में मुश्किल से एक घंटे पानी आता है और वह भी गंदा। ऐसे में महिलाओं को दूर–दराज के बोरिंग से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक ने बताया कि मामले की जानकारी मिल चुकी है। नगर निगम की टीम समस्या के समाधान में जुटी हुई है और तकनीकी बाधाओं को दूर कर जल्द ही वार्ड संख्या 19 के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।



# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में गूंजा सशक्तिकरण का संदेश, महिलाओं को किया गया सम्मानित

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में एक भव्य "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" का आयोजन नई सराय स्थित प्रणब मैरिज सिटी में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष श्रीमती रुचि श्रीवास्तव ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मा. नित किया गया। वक्ताओं ने महिलाओं की सामा. जिक, आर्थिक और राजनीतिक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को नारी सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों, उनके अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों, शिक्षा, स्वावलंबन और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, पूर्व प्रत्याशी श्रीमती




चंद्रकांता सिन्हा, महिला मोर्चा महामंत्री इंदु कुशवाहा तथा डॉ. रेणु जी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण को समाज के विकास की आधारशिला बताया। इस आयोजन ने महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ–साथ समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत करने का एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दिया।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल का शानदार रिजल्ट, 94.2 प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का कुल परिणाम 94.2 प्रतिशत रहा, जो अत्यंत सराहनीय है। परीक्षा में कुल 138 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 130 छात्र–छात्राएं सफल हुए। परिणाम में समृद्धि आनंद ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशी कुमारी 94.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय, आंचल कुमारी 92.8 प्रतिशत के साथ तृतीय, मीनू कुमारी 92.2 प्रतिशत के साथ चतुर्थ तथा लोकेश कुमार 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहे। विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 43 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।




विद्यालय के सचिव डॉ. रविचंद कुमार ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# सीता शरण मेमोरियल स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 90 प्रतिशत छात्रों ने पाई सफलता

**केशववाणी थरथरी (नालंदा)।** नालंदा जिले के थरथरी प्रखंड अंतर्गत भतहर स्थित सीता शरण मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के 90प्रतिशत विद्यार्थियों ने सभी विषयों में सफलता प्राप्त की, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। विद्यालय के टॉपर आर्यन राज ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शिवम कुमार 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय और सारा रानी 95.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 5 रही, जबकि 90 से 95 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले 25 विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य संजय कुमार, कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई. संदीप कुमार तथा उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती ने सभी सफल छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी सफल विद्यार्थियों को निदेशक, प्राचार्य, उपप्राचार्या एवं शिक्षकों द्वारा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य संजय कुमार एवं ई. संदीप कुमार ने कहा कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सही दिशा और दशा का निर्धारण स्वयं विद्यार्थियों को करना होता है। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






# जनगणना 2027– नालंदा में तैयारियां तेज डीएम ने दिए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जनगणना 2027 को लेकर नालंदा जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जनगणना की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को हर हाल में पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 2 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। वहीं दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक आम जनता को स्व–गणना (Self Enumeration) की सुविधा दी गई है। प्रशासन के अनुसार, लोग se-census-gov-in पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन अपने परिवार से जुड़ी जानकारी 33 मूलभूत प्रश्नों के आधार पर दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद प्रगणक और पर्यवेक्षक 2 मई से 31 मई तक घर–घर जाकर इन आंकड़ों का सत्यापन करेंगे और आवश्यक सुधार भी करेंगे। जिले में जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रत्येक 700 से 800 की आबादी पर एक प्रगणक तथा हर 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति



की गई है। जिला एवं चार्ज स्तर पर कोषांग का गठन, मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण, विशेष एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों की पहचान समेत सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नालंदा जिले की कुल जनसंख्या 28 लाख 77 हजार 653 है। सभी चार्ज पदाधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है, वहीं एनआईसी द्वारा आवश्यक आईडी और पासवर्ड भी तैयार कर दिए गए हैं। इस बार जनगणना में पहली बार स्व–गणना की सुविधा शुरू की गई है, जिसमें लोग मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से सुरक्षित पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करेंगे। सफल पंजीकरण के बाद एक यूनिक SEID जारी होगा, जिसे एसएमएस या ईमेल के जरिए भेजा जाएगा। हालांकि, प्रगणकों की भूमिका यथावत रहेगी, जो घर–घर जाकर आंकड़ों का सत्यापन करेंगे। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जनगणना कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एनएच–30 पर भीषण हादसा– ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट वेना (नालंदा)।** नालंदा जिले में एनएच–30 पर बहादुरपुर मोड़ के समीप गुरुवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के गेरूआरी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र बिंद के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि रोहित कुमार अपनी बाइक से चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव अपनी बहन को लाने जा रहा था। इसी दौरान वेना थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ई–रिक्शा को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शी अमरेंद्र कुमार के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक युवक को लगभग 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर मुआवजा एवं कार्रवाई की मांग को लेकर एनएच–30 को जाम कर दिया। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। वेना थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा–बुझाकर शांत कराया। इसके बाद सड़क जाम हटवाकर यातायात बहाल कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल फरार ट्रक एवं चालक की पहचान करने के लिए छानबीन जारी है।

# जन जागरूकता से थमेगी अगलगी की घटनाएं



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** 14 से 20 अप्रैल तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राजगीर की अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी ज्योति कुमारी के नेतृत्व में अग्निशमन कर्मियों ने विभिन्न संस्थानों में मॉक ड्रिल कर लोगों को आग से बचाव के गुर सिखाए। अभियान के दौरान ज्योति कुमारी ने कहा कि आग एक छोटी सी लापरवाही से लगती है, लेकिन मिनटों में जान–माल का भारी नुकसान कर सकती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खेतों में फसल कटने के बाद कुट्टी (पराली) में आग न लगाएं। बिजली के पुराने तारों को बदलने और उपकरणों के इस्तेमाल के बाद स्विच बंद करने की सलाह दी। इस वर्ष का मुख्य विषय (थीम) सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज रखा गया है। इसके तहत अस्पतालों का श्फायर सेफ्टी ऑडिटश किया गया और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों की सुरक्षित निकासी व अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आग लगने पर घबराने के बजाय सुरक्षित स्थान पर जाएं और तुरंत टोल–फ्री नंबर 101 या 112 पर सूचना दें। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर की गई। मौके पर सम्मान परेड और पिन फ्लैग वितरण कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

# बिजली बिल में गड़बड़ी सुधार के लिए विशेष शिविर, उपभोक्ताओं को दी गई चेतावनी

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) ने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष पहल शुरू की है। बिजली बिल में त्रुटि या गड़बड़ी के निवारण हेतु प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक जेईई, एईई एवं ईईई कार्यालयों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं। यह विशेष शिविर केवल अप्रैल 2026 माह तक ही आयोजित किया जाएगा। एसबीपीडीसीएल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अप्रैल 2026 के बाद यदि उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं करते हैं, तो उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके साथ ही बकायेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान करने और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर शीघ्र सुधार कराने की अपील की है, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# निजी स्कूलों और अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ भारतीय सामाजिक न्याय संघ का विरोध, डीएम से हस्तक्षेप की मांग

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में निजी विद्यालयों और निजी अस्पतालों द्वारा कथित मनमानी एवं आर्थिक शोषण के खिलाफ आवाज उठने लगी है। भारतीय सामाजिक न्याय संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप मंडल ने जिला पदाधिकारी नालंदा को पत्र सौंपकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। दिलीप मंडल ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि जिले के निजी विद्यालय अभिभावकों से री–एडमिशन, मनमाना शुल्क, महंगी कॉपी–किताबें और स्कूल ड्रेस के नाम पर अत्यधिक राशि वसूल रहे हैं। अभिभावकों को विद्यालय परिसर से ही सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जिससे वे आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत एनसीईआरटी एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पुस्तकों से पढ़ाई होनी चाहिए, लेकिन निजी स्कूल अपने स्तर पर प्रकाशित पुस्तकों को अनिवार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही निजी अस्पतालों पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि अस्पतालों में मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है, मरीजों को 15–20 दिनों के भीतर नया पर्चा बनवाने के लिए मजबूर किया जाता है और अनावश्यक जांच एवं दवाइयों के नाम पर अतिरिक्त खर्च कराया जाता है। कई मामलों में मरीजों को अस्पताल से ही जांच और दवा लेने के लिए बाध्य किया जाता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है। संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निजी विद्यालयों और अस्पतालों की इस मनमानी पर शीघ्र अंकुश लगाया जाए तथा आम जनता को राहत दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए।

# समूह के लोगों ने पौधारोपण किया

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** प्रज्ञा कृषक हित समूह तिलैया–बड़हरी ने गुरुवार को पौधारोपण कर समूह और अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। समूह के लोगों ने तेजपत्ता, सुपारी, कालीमिर्च, बारहमासी कटहल, लटकन व स्टिविया का पौधा लगाया। फार्मर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित प्राकृतिक खेती के जिला निगरानी समिति सदस्य सह समूह के अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि हम सभी को अपने–अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इससे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण मिल पायेगा। पौधों से हरियाली तो बनी रहेगी साथ ही घर के आसपास का तापमान भी मेंटेन रखता है। वायु प्रदूषकों को अवशोषित कर ऑक्सीजन देता है। वायु और जल निकासी जल की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस मौके पर सुनीता देवी, बेबी देवी, स्विटी देवी, निर्मला देवी, अंजू देवी, सुधा कुमारी, अमृता कुमारी, रेणु देवी, विभा देवी समेत अन्य मौजूद थे।

